(बिस्मिल्लाह अर रहमान निररहीम)

MEDICAL PRACTIONERS GUIDE

द्वारा

डा0 शाह शाहिद रशीद साबरी

डा0 शाह असद रशीद

गुलशने तनवीर अम्बैहटा पीर
सहारनपुर– उत्तर प्रदेश
पिनकोड–247340

नाम किताब	:	**MEDICAL PRACTIONERS GUIDE**
द्वारा	:	डा0 शाह शाहिद रशीद साबरी
	:	डा0 शाह असद रशीद
पेज	:	147
सन्	:	25 जून 2024
क़ीमत	:	दो सौ रूपये मात्र
कम्प्यूटर किताबत	:	पंकज कुमार (8958257434)

मिलने का पताः
डा0 शाह शाहिद रशीद साबरी
मो0–9759192020

गुलशने तनवीर अम्बैहटा पीर
सहारनपुर– उत्तर प्रदेश
पिनकोड–247340

विषय–सूची

NITRIC-OXIDE(NO)

Nitric Oxide एक पारदर्शी गैस है। इसका फार्मूला (NO) है। यह नाइट्रोजन का एक खास आक्साइड है। यह Free Redical होता है। यह Unpaired Electron है। यह दिल की कार्य क्षमता को बढाता है और यह Exercise से पैदा होता है। यह जख्मों को के भरने में मददगार होता है। यह Erectile Dysfunction को दूर करता है। हमल के दौरान ब्लड प्रेशर को कम करता है और Respiration को सुधारता है। बहुत सी खोजों से मालूम हुआ है कि चुकन्दर का जूस खून के प्लाजमा में Nitric के Level को बढा देता है। जो कि Nitric Oxide को बनाता है। यह जूस NO का Supplement का काम करता है। NO मांसपेशियों में आक्सीजन की Delivery को बढा देता है। इससे खून का संचार बढता है। यह फेफडो के Function को बढा देता है। मैमोरी लौस को कम करता है।

जिन सब्जियों में बहुत मात्रा में Nitric और Antioxidant होते है। उन से NO की Production बढ जाती है। रोजाना वर्जिश और कम से कम Mouth Wash करने से भी NO ज्यादा पैदा होता है।

Nitric Oxide हमारे शरीर में ही बनता है। यह Nitric से बनता है और Nitric कुदरती तौर पर हमारे खानों में ही पाया जाता है। गहरी हरी सब्जियों जैसे पालक, शिमलामिर्च, चुकन्दर पत्तागोभी, फूलगोभी, मूली और ब्रोकली में पाये जाते है।

NO की कमी की वजह से ब्लड प्रेशर बढ जाता है, ताकत की कमी, Chronic Stress, कमजोरी और थकान का देर से दूर होना इत्यादि।

Nitric नीचे लिखी चीजों में पाया जाता है:–
1 Beet root juice (चुकन्दर का जूस) 2 पालक का जूस 3 अजावायन (celery) 4 Arugula juice अदरक, गोभी, अनार आदि भी NO को बढा देते है। विटामिन–सी, विटामिन–ई अच्छे Antioxidants है, जो NO को बढाते है। मुस्तकिल तौर पर वर्जिश भी NO को बढाने में बहुत मदद करती है। NO की कमी से निगाह कम हो जाती है। जिस्म में गर्मी बढ जाती है और काम करने की इच्छा नहीं रहती। Chronic Stress पैदा हो जाता है। जब आदमी Stress में होता है, तो दिल की रफतार (Heart Rate) बढ जाती है। खून की नालिया सुकड जाती है। किसी भी काम को करने में दिल नहीं लगता। इसकी कमी से ताकत कम हो जाती है। किसी भी

काम को में थकान जल्दी हो जाती है। NO ही शरीर में पोषक तत्व (Nutrients) और O_2 को पहुँचाने में मदद करता है। दिमाग में भी इसकी कमी हो जाने के कारण नींद भी ज्यादा आती है। अगर काम करने के बाद काफी देर तक आपकी थकान कम नहीं होती, तो जिस्म में NO की कमी के असरात मौजूद है। निम्नलिखित चीजों में NO को बढाने की ताकत है:–

1 चुकन्दर का जूस 2 लहसून 3 गोश्त 4 Dark Chocolate 5 Leafy Green 6 Citrus fruits 7 अनार 8 Nuts और बीज 9 तरबूज 10 बैंगन 11 ब्रोकली 12 ककडी 13 गोभी 14 Wax Gourd. No जिस्म में पैदा होने वाला Molecule (Kale) है जो कि सेहत के लिए जरूरी है। इसकी वजह से खून की नालियॉ चौडी हो जाती है। जिससे ब्लड प्रेशर कम हो जाता है। दिल व दिमाग के Function अच्छे हो जाते है। शरीर में चुस्ती आ जाती है।

CREATININE

यह एक नेचुरल बाइप्रोडक्ट (Byproduct) है। जो Creatine के टूटने पर बनता है। यह एक बेकार Product है। यह किडनी के जरिये शरीर से बाहर निकाल दिया जाता है। Serum में Creatinine का

स्तर किडनी की कार्यक्षमता और स्वास्थ्य को पहचानने (Diagnosis) में मदद करता है।

Creatinine का सही स्तर तन्दरूस्त महिलाओं में 0.6 से 1.2 mg/dl और जवान पुरूषों में 0.6–1.2 mg/dl और तक माना जाता है। Creatinine के बढने से शरीर में खुजली होने लगती है। पेशाब में जलन होने लगती है। इसका बढना गुर्दों की खराबी की खबर देता है। Creatinine के बढने पर लाल गोश्त, ज्यादा नमक, सफेद ब्रैड, तली हुई चीजे, ज्यादा मीठा, डिब्बाबन्द सब्जियां और ऐसे खाने जिनमें प्रोटीन ज्यादा हो, नहीं खाने चाहिए।

यह पुरूषों (Male) में 0.6 मि0ग्रा0 से लेकर 1.2 मि0ग्रा0 होता है और महिलाओं (Female) 0.5 मि0ग्रा0 से लेकर 1.0 मि0ग्रा0 तक होता है।

गुर्दों की बिमारी, मांसपेशियों में ऐठंन, मतली, सूजी हुई आंखें, टखनों (Ankle Joint) की सूजन पेशाब में जलन इत्यादि। गुर्दों के रोगों को बताते है। संतुलित आहार का सेवन जैसे फल, सब्जियां, साबूत अनाज के खाने से Creatinine कम किया जा सकता है।

Creatinine को कम करने के लिए अधिक प्रोटीन वाली चीजों का परहेज करें। शराब का इस्तेमाल न करें। क्रैनबैरी, कीवी, सेब, और ब्लूवेरी जैसे Antioxidant से भरपूर फल और सब्जियों का इस्तेमाल करें। जमीन के नीचे पैदा होने वाली सब्जियां जैसे आलू, अरबी, कचालू, शलगम, शकरकन्दी, आदि का परहेज। प्याज, मूली, गाजर का इस्तेमाल कर सकते है।

Creatinine Diet- साबूत अनाज जैसे बाजरा, भूरे चावल, जौ, Oates, अनार और अनार का जूस, गोखरू, पुनर्नवा।

Creatinine Level

Male	0.6-1.2mg
Female	0.5-1 mg
Adult	0.5-1mg
Child	0.3-0.7 mg

Creatinine का बढा हुआ स्तर कम करना आवश्यक है। इसके बहुत से तरीके हो सकते है। लेकिन इसके लिए Exercise बहुत जरूरी है। Creatinine हमारे शरीर की ऐसी product है, जो ज्यादातर मांसपेशियों

के टूटने से बनती है। यह हमारे खून में होता है। यह गुर्दे के द्वारा Filter किया जाता है। इसकी Value हमारे खून में स्थिर होती है। इसकी बढी हुई Value गुर्दो को खराब कर देती है। यह एक Natural Chemical होता है।

BLOOD UREA

गुर्दे से खारिज, खून से निकलने वाला व्यर्थ पदार्थ (Waste Products) Urea कहलाता है। Blood Urea Nitrogen गुर्दे के Function के बारे में पता बताता है। गुर्दे का खास काम खून से व्यर्थ पदार्थो को निकालना होता है और जरूरत से अधिक पानी को भी बाहर निकाल देता है। अगर किसी को Kidney Disease है तो यह व्यर्थ पदार्थ खून में जमा होने लगते है। जिसके कारण बहुत खतरनाक समस्याएं पैदा हो जाती है। जैसे High BP & Kidney Failure.

BUN की Normal Value Blood में

M- 5–20 mg/dl.

F- 6–24 mg/dl.

Male – 1.8 to 7.1 mm ol Urea/Litter.

Female- 2.1 to 8.5 mm ol Urea/Litter.

Age Wise-

1-3 Year	5.14 mg/dl -16.8mg/dl 1.8-6.0 mm ol/l
4-13 Year	7.01mg/dl-16.8mg/dl 2.5-6.0 mm ol/l
14-19 Year	8.41- 21.0mg/dl 2.9-7.5 mm ol/l
Upto 60 Years	6-20mg/dl
Adult Over 60	8-23mg/dl

निम्न कारणों से BUN होता है–

-Kidney Damage/Failure or Disease.

-Dehydration, Snack.

-Urinary Track blockages or Desire.

-Gastro intestinal bleeding.

-Heart Attack.

-Heart Failure.

- Eating to much Protein.

-Poor Circulation

-Obesity

-High Cholesterol

किडनी पर असर डालने वाले–

-NASAID-Brufen, Naproxon, Asprin.

-Antibiotic also effect Kidney.

-Amphotericin B

-Carbamezopin

-Celecoxib

-Furosemid

-Methotrexate

-Penicillin

-Refapin

-Spironolaton

-Hydro Chlorothiazid

-Gentamicin

-tetracycline

ALKALOSIS

खून के अन्दर Alkalinity बढ जाने को Alkalosis कहते है। जब फेफडे शरीर में पैदा होने वाली Co_2 को पूरी तरह नहीं निकालता तो यह खून में शामिल हो जाती है। इसे ही Alkalosis कहते है।

इसकी Normal Value 7.35-7.45 तक होती है। अगर यह इससे कम हो जाये तो तेजाबियत पैदा हो जाती है। अगर शरीर में PH बढ जाये और 7.45 से ज्यादा हो जाये तो Alkalosis कहलाती है।

खाने में पानी, सोडियम और पोटेशियम जैसे खनिज लवणों को बढाकर इसको Normal किया जा सकता है। इसके Symptom निम्न प्रकार है।–

1. Confusion.
2. हाथों में राशा पैदा हो जाना।

3. मांसपेशियों में ऐठन पैदा हो जाना।
4. उल्टी और मतली हो जाना।
5. चेहरे, हाथों और पैरों में कंपन पैदा हो जाती है।

अगर यह ज्यादा समय तक रहे तो इसको Tetany भी कहते है।

BILIRUBINE

0.2 -1.3 mg/dl

अगर 0.2–1.2 से ज्यादा होगा तो यह बढा हुआ माना जाता है। 15 दिन से 18 वर्ष तक तन्दरूस्त व्यक्ति में 1.0 mg/dl normal होता है। High Bilirubine Joundice की पहचान है।

General Sign of High Bilirubine-

Abdominal pain or swelling, Chills, Fever, Chest Pain, Weakness, Fatigue, Grey-Stool, उल्टी, मतली, पेशाब का रंग तेज पीला हो जाना।

CALCIUM

8.80-10.20mg/dl

हड्डियों को मजबूत करता है। दिल की कोशिकाओं (Muscels) और तन्त्रिकाओं (Nerve) को सही तरह से काम करने में मदद करता है।

कैल्शियम 15 चीजों में पाया जाता है–

1. Seeds, Poppy, Sesame, Clery(आजवान), Chia.
2. Chease.
3. Yogust.
4. Sardines (सिंघाडा), Canned Salmon(मछली की किस्म).
5. Beans and Lenties(मैसूर की दाल).
6. Almond.
7. Whey Protien.
8. Leafy Green.
9. Rhubarb.
10. Fortified Foods (ताकत देने वाला खाना).
11. Amarunth (चौलाई).
12. Milk.

13. Tofu (सोया पनीर या दही).
14. Fortified Drinks.
15. Figs.

PHOSPHORUS

अपने बहतर स्वास्थ्य के लिए 700 मि0ग्रा0 की जरूरत होती है। Phosphorus की वजह से हमारी किडनी सही काम करती है। हड्डियों और दांतों के लिए भी यह बहुत जरूरी है। यह एक आवश्यक तत्व है, जो फासफेट के रूप में मनुष्यों और पशुओं की हड्डियों की बनावट में बहुत जरूरी है। फॉसफोरस Nerve, Muscles और दिल को सामान्य स्थिति में रखता है। यह Gens का Building Block होता है। यह DNA, RNA और ATP के बनने में भी सहायक है। यह शरीर की ताकत के लिए जरूरी है।

फॉसफोरस डेरी, Red Meat, Poultry, Sea Food, Legumenes, Whole Grain, Nuts, Plants Food-Like, Seeds, फलियों वाली सब्जियों में फॉसफोरस अधिक मात्रा में पाया जाता है।

फॉसफोरस निम्न चीजों में भी पाया जाता है–

Dairy-Milk, Yogust, Cheese, Salemon, Beef, poultary, Pork, legamen, Nuts, Pork, Sereals, Bread, Cauliflower.

Phosphours- Tissues, Cells, Geneting Building Blocks, DNA, RNA.

Phosphours- Vit-D, Iodine, Magnisium को नियन्त्रित रखता है।

Food are High- Meats, Poultary Fish, Nuts, Beans और Dairy Product.

Animal Food में Esily Absorb हो जाता है। जबकि Plants Food कम Absorb होता है। जो Phosphorus Additive Food.

Fast Food, Ready to eat food, Canned (डिब्बा बन्द), Bottle Drinks, Additive Food से फॉसफोरस पूरा Absorb हो जाता है। CKD(Chornic Kidney Desease) में यह Extra Phosphorus को पूरी तरह से नहीं निकाल सकता। इसका खून में अधिक होना अच्छा नहीं होता। क्योंकि यह हड्डियों से कैल्शियम को निकाल देता है। दूध में

कैल्शियम और फॉसफोरस अधिक मात्रा में होता है। प्याज में भी काफी मात्रा में फॉसफोरस होता है।

POTASSIUM

सेहत की तन्दरूस्ती और सही बढोतरी के लिए पोटाशियम की जरूरत होती है।

इसके स्त्रोत– किशमिश (Raisin) Apricot(खुबानी), Beans Lentils, Potatoes, Winter squats, acorn, Butter Murat, Spinach, Broccoli, Beet greens, Avocado, Bananas, Cantaloupe(गर्मा).

पोटेशियम की जरूरत शरीर के लिए आवश्यक है। इसका मुख्य काम शरीर में Electrolyte को संतुलित रखना होता है। सोडियम(NA) Counter Part (समकक्ष) होता है। पोटेशियम शरीर की मांसपेशियों की ऐंठन और ब्लड प्रेशर को नियन्त्रित रखता है। इन सब के लिए Adequate intake (उचित मात्रा) में लेना जरूरी है। औरतों को 14–18 वर्ष की उम्र में इसकी 2300 मि0ग्रा0 रोजाना आवश्यकता होती है। जबकि इसकी जवानों में 2600 मि0ग्रा0 रोजाना और गर्भवती महिलाओं में 2500–2900 मि0ग्रा0 रोजाना Adequate intake

(उचित मात्रा) आवश्यकता होती है। मर्दों के लिए 14–18 वर्ष में 3000 मि0ग्रा0 और जवानों में 3408 मि0ग्रा0 की आवश्यकता होती है। पोटेशियम की अधिक मात्रा खून की नालियों को ढीला रखती है। ब्लड प्रेशर को कम करता है। जो लोग पोटेशियम को कम मात्रा में लेते हैं और सोडियम का इस्तेमाल ज्यादा करते है। उनको हार्ट–अटैक का खतरा ज्यादा होता है। पोटाशियम को संतुलित रखने के लिए ताजे फल और सब्जियों का इस्तेमाल करना चाहिए। क्योंकि इन में पोटाशियम ज्यादा और सोडियम कम होता है। Processed Meat और Processed food में सोडियम ज्यादा होता है। पोटाशियम की कमी से Fatigue, Mussels Cramp, Constipation, Muscles Paralysis and Irregular Heart beat.

BUN

खून में नाईट्रोजन और यूरिया के लेवल को नापने का पैमाना होता है। इसका Abnormal लेवल गुर्दों और जिगर की बिमारियों को बताता है। जोकि कुदरती Byproduct है जो कि प्रोटीन को तोडता है।

BUN गुर्दो और जिगर को बिल्कुल सही हालत को बताता है। इससे मालूम होता है कि यह दोनों सही काम कर रहे है या नहीं। यह प्रोटीन को तोडता है और व्यर्थ पदार्थों को पेशाब के जरिये बाहर निकालता है। लीवर प्रोटीन पर अमल करके यूरिया बनाता है। जो खून में शामिल होकर पेशाब के जरिये बाहर निकल जाता है।

जिगर और गुर्दो की बिमारी के लक्षण –

1. रात में बार–बार पेशाब आना।
2. पेशाब की मात्रा में तबदीली आना।
3. पेशाब आने में देरी होना।
4. पेशाब आने में जलन का अहसास होना।
5. लाल या पीले रंग का पेशाब आना।
6. गुर्दे की जगह का दर्द होना।
7. मांसपेशियों में ऐंठन का होना।
8. हाथ और पैरों में सुनपन आना।
9. बेचैनी के साथ नींद का आना।
10. थकान का ज्यादा अहसास होना। किसी काम में दिल ना लगना।
11. खुजली का होना।
12. भूख में कमी का होना।
13. मतलाहट का अहसास होना।
14. मुंह, पोहचें (Wrist), जागों (Ankle) और टखनों (Thigh) की सूजन का आना।

15. Blood Pressure का बढना।

जिगर की बिमारी की अलामात (Symptoms)

1. काले रंग का पेशाब आना।
2. पाखाना (Stool) पीले रंग का आना।
3. आंखों में सफेदी या पीलापन का आना।
4. जरासी चोट से त्वचा में नीलापन आजाना।
5. भूख का कम लगना।
6. उल्टी या मतली होना।
7. दस्तों का लगना।
8. वजन का कम होना या बढ जाना।
9. थकान और कमजोरी का जल्द अहसास होना।
10. पेट पर सूजन और दर्द का होना।
11. टॉगों और पिडली दर्द और सूजन होना।
12. खुजली का होना।

BUN अगर कम हो जाये तब भी और ज्यादा हो जाये तब भी Health Problem पैदा कर देता है।

BUN Level के निम्न प्रकार होते है–

Adult to 60 Years of age – 6-20mg/dl

Adult over 60 years of age - 8-23mg/dl

CHOLESTEROL

NORMAL <200mg
BORDER LINE 200 TO 239mg/dc
HIGH>240 mg/dc

खून में एक मोम जैसी चीज कालेस्ट्रोल कहलाती है। यह दो तरह का होता है। LDL (Low Density Lipoprotein) और HDL (High Density Lipoprotein)

HDL- खून में जमने वाली चर्बी को कम करता है और हमारी खून की नालियों को साफ रखता है। जिसकी वजह से दिल में खून का दौर सही तरह से होता है।

LDL- यह खून की नालियों में जमा हो जाता है। जिससे खून का दौरान मुश्किल हो जाता है। अगर खून दिल की नालियों में सही तरीके से ना पहुॅचे तो हार्ट अटैक हो जाता है। Stroke का भी खतरा बढ जाता है।

कोलेस्ट्रोल को कम करने के लिए हैल्दी डाईट और लाईफ स्टाईल को बदलने की जरूरत है।

रोजाना **Exercise** करें और 4–5 किलोमीटर पैदल चलना चाहिए।

कोलेस्ट्रोल को कम करने वाले खाने– **Beans-** इसमें आसानी से घुलने वाले फाईबर पाये जाते है और इसको हजम होने में देर नहीं लगती है। जैसे– सेम, पालक, मटर, टोफु। यह बुरी कोलेस्ट्रोल को कम करते है। कोलेस्ट्रोल बढने से पैरों में दर्द, ज्यादा पसीना आना, सीने में दर्द, क्रैम्पस(ऐंठन)।

दिल की बिमारियां– कोलेस्ट्रोल जिगर में पैदा होने वाला एक मोम जैसा पदार्थ होता है। जो हजम होकर विटामिन–डी और खून की नालियो की झिल्ली को बनाये रखने में मदद करता है। कोलेस्ट्रोल पानी में नहीं घुलता। इसलिए यह खुद दूसरे अंगों तक नहीं पहुॅच पाता। इसको **Lipoprotein** की जरूरत पडती है। जो कोलेस्ट्रोल को शरीर के दूसरे हिस्सों तक पहुॅचाता है।

यह दो तरह का होता है– **LDL** और **HDL**। **LDL** खून की नालियों में जमकर हार्ट अटैक और स्ट्रोक जैसे रोग पैदा करता है। **HDL** जरूरत से ज्यादा कोलेस्ट्रोल को लीवर में वापस कर देता है। वहां से वह आंतों के जरिये निकल जाता है। अगर हम बहुत ज्यादा चिकनी चीजें खाएंगे और वर्जिश नहीं

करेगें और वजन को ज्यादा बढायेगें, बीडी, सिगरेट और शराब का इस्तेमाल करेगें, तो कोलेस्ट्रोल बढ जायेगा। ज्यादा चर्बी वाली चीजों से परहेज करके और वर्जिश करके हम, इससे बच सकते है। **Saturated Fat** और **Salmon** का इस्तेमाल बन्द करें।

Brown Rice, Whole grain Bread, Whole Wheat, Pasta, Nuts, and Seed जैसे खीरा, ककडी, कददु, तरबूज और खरबूजे के बीजों का इस्तेमाल करें। **Unsaturated Fat** का इस्तेमाल करें।

कम खाये– गोश्त, नमकीन गोश्त (**Sausages**) और फैटी मीट, मक्खन, घी, क्रीम, पनीर, केक, बिस्किट, कीमा से बने आईटम (**Mince**) का इस्तेमाल ना करें। **Exercise** करें जैसे सैर, साईकिलिंग, स्वीमिंग इत्यादि।

Saturated Fat निम्न चीजों में पायी जाती है–

मक्खन, घी, गुर्दे की चर्बी(**Suet**), सुअर की चर्बी(**Lard**), नारियल का तेल, **Palm Oil, Cakes, Biscuit, Fatty Meat, Sugar, Bacon, Cheese, Pastries, Pies**(समोसा),

Quiche(कचौडी), Croissants(करीम रोल), Cream, Ice Cream, Coconut Oil and Cream Milk Shake, Chocolate, Mince का इस्तेमाल ना करें।

TRIGLYCERIDE

खून में एक किस्म की फैट होती है, जिसे Triglyceride कहते है। अगर यह बढ जाये तो Pancreatitis हो सकती है। Arteries में सख्ती आ जाती है। इससे Stroke और हार्ट–अटैक का खतरा बढ जाता है।

Triglyceride को कैसे कम करें–

खाने में शुगर का प्रयोग कम करें। Refined food खाने से बचें। खाने में ज्यादा से ज्यादा फाईबर का प्रयोग करें। अच्छी फैट का इस्तेमाल करें। Trans Fat से बचें। Alcohol के इस्तेमाल से बचें। बीडी, सिगरेट और तम्बाकू के इस्तेमाल से बचें। रोजाना Exercise करें और सैर करें। वजन कम करें। मिठाईयॉ और काब्रोहाइड्रेट कम करें। Cookies, Pastry, मीठे से भरपूर पेय का इस्तेमाल बन्द करें। सफेद चावल, ब्रेड, सफेद आटे से बना

पासता, Cornflex, साबूत अनाज जैसे Multi Grade चपाती, किनोवा जौ, बाजरे, का इस्तेमाल करें।

Triglyceride- जो खाना हम खाते हैं उसके जरिये हमारे शरीर में दाखिल होती है। यह एक खास किस्म की फैट होती है। यह चर्बीदार खानों में जैसे तेल, मक्खन और बहुत ज्यादा कैलोरी वाली गिजा से बनता है। जब हम ज्यादा कैलोरी वाला खाना लेते है तो यह फैट शरीर की कोशिकाओं (Cells) में जमा हो जाती है। अगर ज्यादा Carbohydrate वाली गिजा लेंगें तो खून में Triglyceride की मात्रा बढ जाती है। सिगरेट और एल्कोहॉल लेने से भी यह बढ जाती है। अगर शुगर का सही इलाज नहीं होगा तो भी Triglyceride बढ जाता है। High Cholesterol और Triglyceride मिलकर Heart Problem पैदा कर देते है। अगर Triglyceride level 150 मिलीग्राम/DM से ज्यादा होगा तो Metabolic Syndrome पैदा हो जायेगा। पेट की चर्बी बढ जायेगी। ब्लड प्रेशर और शुगर बढ जायेगी। खून की नालियां सख्त हो जायेगी। जिसकी वजह से दिल की बिमारियां होने का खतरा भी बढ जाता है। अगर Triglyceride ज्यादा बढा हुआ है तो दवाई ले और

अपना Life Style बदले और कम कोलेस्ट्रोल वाले खाने खायें।

जो फैट खाने के साथ लेते है उनमें 95 प्रतिशत Triglyceride हाते है। यह खून में घुलने के बाद कोशिकाओं में जाकर ऊर्जा में तबदील हो जाती है। अगर कोई बहुत ज्यादा फैट इस्तेमाल करता है और उसको Burn या इस्तेमाल नहीं करता तो खून में Triglyceride बढ जाता है। जिसकी वजह से दिल, दिमाग और गुर्दे की बिमारियां पैदा हो जाती है। अगर हम Exercise, Healthy Meal वजन को कम नहीं करते तो हमारे ब्लड में Triglyceride का लेवल बढ जाता है।

Triglyceride का लेवल बढने पर Heart की Arteries मोटी होने लगती है। जिसके कारण Stroke, Heart Attack या अन्य दिल के रोग होने की शिकायतें पैदा हो जाती है। अगर Triglyceride बहुत ज्यादा हो तो Pancreas में जलन और सूजन पैदा हो जाती है। जिस कारण शुगर मैनेजमैंट पर असर पडता है। हमारा शरीर फैट को इस्तेमाल करता है, जो Energy के रूप में शरीर को Active करने का काम करती है। मगर जब यह बढ जाती है तो अच्छी सेहत के लिए Triglyceride का Normal

होना जरूरी है। इसके बढने से Arteies में रूकावट पैदा हो जाती है और दिल की बिमारियां, ब्लड प्रेशर और गुर्दों की समस्याएं पैदा हो जाती है। जब हमारे शरीर में कार्बोहाईड्रेट बढ जाती है तो खून में Triglyceride की मात्रा भी बढ जाती है। Butter जैसी दूसरे चिकने खानों से भी यह बढ जाती है। इसको कन्ट्रोल में रखने के लिए अपने मोटापे को कम करें। Exercise को कम से कम आधा घण्टा रोज करें। शराब या अन्य नशीली दवाओं से बचें। Refined Carbohydrate को कम करें। इसके अलावा Omega-3 fatty Acid का प्रयोग करें। Beans, मटर, सोया जैसी चीजों का प्रयोग ज्यादा करें। Jubira-10 F दो दवाओं का मिश्रण है– Rosuvasltin 10mg.+ Asprin 75mg.। जो Cholesterol और Triglyceride को कम करता है। Jibira-10 F का इन्जेक्शन लगवाने से 6 माह के लिए Tablets से छुटकारा मिल जाता है।

जब हम खाना खाते है तो काब्रोहाइड्रेट, प्रोटीन और फैट से 2000 कैलोरी Energy पैदा होती है। अगर जरूरत से ज्यादा कैलोरी हम लेगें तो अधिक कैलोरी Triglyceride में बदल कर लीवर में Adipose Tissue और Fat Tissue के रूप में

जमा हो जाती है। जब शरीर को Energy की जरूरत होती है तो Hormones Fat Cells को Signal देते है और Triglyceride खून में Relese हो जाते है और शरीर को Energy प्रदान करते है।

Avoid Suger– शुगर का इस्तेमाल कम करें। शराब से परहेज करें। हम अपनी Triglyceride को मीठी चीजों, Cookies, Pastries, High Fat वाले खाने लेगें तो कोलेस्ट्रोल भी ज्यादा होगा और Triglyceride भी बढ जायेगा।

ज्यादा चर्बी वाली मछली जैसे Salmon, Tuna, Mackerel, Trout और कम कोलेस्ट्रोल की गिजा का इस्तेमाल करें। Fatty Fish में Omega-3 Fatty Acid बहुत होता है, जो दिल की बिमारियों को कम करता है।

High Fibre वाली Vegetables के इस्तेमाल से कोलेस्ट्रोल कम हो जाती है। Bread तली हुई (Crouton) इसमें Unhealthy Fat बहुत ज्यादा होती है। Processed Carbohydrate के इस्तेमाल से परहेज रखें।

Triglyceride के लेवल–

Very High	-	Over 500 mg/dl
High	-	150-199 mg/dl
Border Line	-	Between 150-199 mg/dl
Normal	-	Below 150 mg/dl

Treatment of high Triglyceride-

- अपने Life Style को तबदील करें।
- रोजाना 30 मिनट Exercise करें।
- High Fat Food का इस्तेमाल कम करें।
- Fibre युक्त खाने का प्रयोग करें।
- Low Glycemic Index वाले खानों का इस्तेमाल करें।
- Omega-3 Fatty Acid का ज्यादा इस्तेमाल करें।
- जब हम मछली Salmon, Maceral, Tuna और Trout आदि High Dose Omega-3 Fatty Acid का इस्तेमाल करेंगें तो Triglyceride कम हो जायेगा।

- कम फैट वाली और कम शुगर वाली गिजा का इस्तेमाल करें।
- Diabeties और B.P. को कन्ट्रोल में रखे।

Medication-

Fibrate Medicin जैसे Fenofibrate, Gemfibrozil (Lopid), Fish oil, Nicotinic Acid, Lemon और दूसरे खट्टे फल और Omega-3 Fatty Acid, Statin.

TYPE OF FAT

MONO Saturated Fat

POLY Saturated Fat

Saturated Fat

Unsaturated Fat

Trans Fat

MONO & POLY Saturated Fat are good. इनसे बिमार पडने का जोखिम कम होता है। यह सब्जियों के तेल जैसे Olive Oil, Canola, Sunflower, Soya, corn, बीज और मछली में

पाये जाते है। Unsaturated Fat का इस्तेमाल ज्यादा बेहतर है।

Saturated Fat जमने वाली Fat है। जो मक्खन, गोश्त, नारियल, Palm Oil इन सब में Saturated Fat होती है। जो कोशिकाओं में जमकर Atherosclerosis पैदा कर देती है।

Unsaturated Fat- यह liquid Oil की शक्ल में होती है। यह पौधों से जैसे Olive oil, Avocado, nuts और मछली जैसे Salmon में होती है। Micro wave popcorn, Icings, margarines, pizza, samosa, fry food, French fries(मक्खन) आदि आमतौर पर saturated fat है।

Trans Fat- यह vegetable oil के Hydrogenation के जरिये जो जमी हुई फैट प्राप्त होती है, Trans Fat कहलाती है। यह केक, खस्ता, बिस्किट, आईस क्रीम, मिठाईयां, क्रीम वाली कॉफी, चाट, समोसा, आलू की चिप्स आदि में होती है। इन सब चीजों के खाने से मनुष्य की कोशिकाओं में (LDL)कोलेस्ट्रोल और Triglyceride जमा हो जाते है। यह Bad Cholesterol (LDL) को बढा देते है तथा अच्छी Fat HDL को कम कर देता है। इसलिए

Trans Fat bad Cholesterol कहलाती है। यह दिल और दिमाग की बिमारियों के खतरे को बढा देती है। इसे खाने से हमेशा बचते रहना चाहिए। यह खून के Circulation को कम कर देता है या रोक देता है। HDL और LDL से मिलकर उसको लीवर में पहुॅचा देते है और वहॉ से बाहर निकल जाती है।

हमको Unsaturated Fat जिनमें Mono Saturated Fat शामिल हो, का इस्तेमाल करना चाहिए जैसे Olive Oil, Nuts, Fish और दूसरी चीजे जिनमें Unsaturated Fat होती है। जो बहुत सी सब्जियों में भी पायी जाती है। उसका इस्तेमाल करना चाहिए। जिन खानों में Omega Fatty Acid हो उसका इस्तेमाल करना चाहिए।

COCONUT OIL

9% Saturated Fat & 8% Unsaturated Fat होती है। Coconuts Oil Laurie Acid का सबसे बेहतर जरिया है। यह Medium Chain Saturated Fat है। यह अच्छे बैक्टीरियां को बढाता है और हानिकारक बैक्टीरिया को कम करता है। Coconut Oil Serum Cholesterol Concentration को बढाता है। लेकिन Cardio

Vascular के खतरे से बचाता है। अनेक खोज व सबूतों के अनुसार Unsaturated Fat तन्दरूस्ती के लिए बहुत लाभदायक है। लेकिन Coconut Oil Cholesterol Free होता है। यह Fat को Burn करता है। भूख को कम करता है। दौरों को कम करता है। त्वचा के लिए अच्छा Booster है।

बालों की हिफाजत करता है। Oral Health के लिए बेहतर है। यह एक अच्छा Antioxidant होता है। बुढापें में याददाश्त को बढाता है। यह LDL को कम करता है और HDL को बढाता है।

Nutrition Facts - 100 gm.
Calories - 862

Nutrients	Quantity	Percent age
Saturated Fat	87 gm	435%
Cholesterol	-	0%
Sodium	-	0%
Total Carbohydrate	-	0%
Sugar	-	0%
Protein	-	0%

Vit-C	-	0%
Dietary Fibre	-	0%

METABOLISM

ऐसा कैमिकल जो खाने को Energy में बदल देता है। हमारे शरीर की कोशिकाएं खाने को Energy में तबदील करती रहती है। जिससे हमारे शरीर के हर अंग को उसके बढने और काम करने के लिए ताकत की आवश्यकता की पूर्ति होती है। Metabolism दो प्रकार का होता है– Catabolism और Anabolism । Catabolism शरीर में Organic Mater को Absorb करने की क्रिया में काम आता है। Anabolism Energy को शरीर के भिन्न–भिन्न अंगों में पहुँचा देता है।

Metabolism की तीन Stages होती है।

1. Amino Acid का Catabolism कर देता है।
2. Citric Acid को Kebscycle में बदल देता है।
3. Electron को ATP Synthesis के लिए भेज देता है।

Metabolism का शरीर में बहुत अहम काम होता है। इससे शरीर के काम अच्छी प्रकार से होते है। अगर Metabolism कम होगा तो मोटापा दिल की बिमारियां, ब्लेड–प्रेशर का बढना, डायबटिज का खतरा बढ जाता है। पेट पर और जिगर पर चर्बी बढ जाती है। Green Tea Metabolism बढाने में सहायता करती है। अदरक की चाय पीना भी Metabolism को बढा देता है। बैगर दूध की चाय पीना भी Metabolism को बढाता है। सुबह के वक्त इसको पीना अधिक फायदेमन्द होता है।

METABOLIC SYNDROME

Blood Pressure का बढना 120–80 से ज्यादा Blood Sugar का बढना Fasting (70-100) PP (100-140) Body Weight का बढना। LDL Cholesterol और Triglyceride का बढना, HDL Cholesterol का कम हो जाना। Insulin Resistance पैदा हो जाना, Metabolic Syndrome के लक्षण है। सन्तुलित भोजन खाना और Regular Exercise करना Metabolic Syndrome होने से बचाती है। ज्यादा Fatty,

Fast Food और ज्यादा मीठे का इस्तेमाल ना करें। अगर इन चीजों का ध्यान ना रखा जाये तो कोशिकाओं में Atherosclerosis हो जाता है। इसी तरह Renal Artery में भी इसमें Atheros sclerosis हो जाता है।

अगर Coronary Arteries में Cholesterol जमने लगता है तो Heart Disease पैदा हो जाता है। अगर Renal Artery में Cholesterol जमने लगता है तो गुर्दे के रोग यहां तक कि गुर्दे फेल होने लगते है।

Metabolic Syndrome से बचने के लिए हमें अपने भोजन को Heart, Sugar और Kidney Diet पर तवजों दे। जल्दी सोये और जल्दी उठें। नियमित Exercise करें।

METABOLIC RATE

हर जानदार में जिन्दा रहने के लिए एक रासायनिक प्रक्रिया होती है, इसको ही Metabolic Rate कहते है। यह क्रिया हर जीव को बढने और प्रजनन (Reproduction) के लिए अपनी बनावट को बनाए

रखने के लिए और उनको पर्यावरण के प्रति सजग रहने के लिए Metabolic Rate अति आवश्यक है।

BMR

Basal Metabolic Rate- शरीर की बेसिक गतिविधियों के लिए जैसे सॉस लेना, Heart Rate, Circulation और Protein Synthesis के लिए जितनी कैलोरी की जरूरत होती है। उस क्रिया को Basal Metabolic Rate कहते है। कैलोरी ऊर्जा की यूनिट होती है। Metabolism को सही रखने के लिए Healthy Diet लें जैसे पत्तेदार सब्जियॉ, फल, काब्रोहाईड्रेट, साबूत अनाज लेना बहुत जरूरी है। इसलिए अपने खाने में काब्रोहाईड्रेट को भी शामिल करना बहुत जरूरी है। खाने में प्रोटीन की अच्छी मात्रा भी आवश्यक है।

Metabolism बढाने के लिए थोडी–थोडी देर के बाद खाना खाते रहना चाहिए। पानी अधिक पीना चाहिए। इससे अधिक कैलोरी प्रयोग होती है। Metabolism को बढाने के लिए खाने में दाल, फलियों वाली सब्जियों शामिल करें। High Protein Diet खायें जैसे अण्डा, Avocado, Coffee, अदरक इत्यादि। प्रोटीन के अधिक इस्तेमाल से

Metabolism में वृद्धि होती है। भूख कम लगती है और वजन कम करने वाले कई हार्मोन में बदल जाता है।

ANABOLIC STEROID

इसको AAS (Anabolic Androgenic Steroid) भी कहते है। जो कि Testosterone की शकल में Synthetic तौर पर बनाया जाता है। इस हार्मोन को पहलवान लोग मांसपेशियों को बढाने के लिए करते है। इसको लम्बे समय तक इस्तेमाल करने से HDL कम हो जाता है और LDL बढ जाता है। मुहासे निकल आते है। ब्लड प्रेशर बढ जाता है। जिगर को नुकसान पहुॅंचाता है। दिल के Left Ventricle को बढा देता है। यह Bone Marrow को Stimulate करता है। जिससे Leukaemia, Kidney Failure और Aplastic Anemia हो जाता है। Methyle Testosterone को delayed property में इस्तेमाल किया जात है।

Androgen– यह Testosterone को बढाता है और Sexual इच्छाओं को बढाता है।

PCOS

एक Hormone disorder है। जिसमें Ovaries बढ जाती है। Small Cyst चारों तरफ बढ जाती है। जिसको Polycystic Ovary कहते है।

Symptom – Irregular Menses, Acne और चेहरे पर बाल और मोटापा बढ जाता है। Infertility भी हो सकती है। त्वचा पर काले धब्बे, सिर के बाल गिरने लगते है। Oily Skin, Depression हो जाता है।

Menses को regular करने के लिए birth pills Metformin का इस्तेमाल फायदेमन्द है। High Cholesterol को नियन्त्रित करें। वजन कम करें। Electrolyte का इस्तेमाल भलि प्रकार करें।

BUTTER

Nutrients	**Quantity**	**Percentage**
Total Fat	81 gm	124%
Saturated Fat	51 gm	255%
Transfat	3.3 gm	-

Regulation		
Cholesterol	215 mg	31%
Carbohydrate	0.1 gm	0%
Sugar	0.1 gm	0%
Protein	0 gm	-
Vit-B6	-	0%
Iron	-	0%
Potassium	24 mg	0%
Sodium	11 mg	0%
Fiber	-	0%
Magnessium	-	0%

इसमें Saturated Fat काफी मात्रा में होती है। इसलिए यह दिल की बिमारी वाले व्यक्ति के लिए हानिकारक है। इसके स्थान पर जैतून का तेल, नारियल का तेल, अखरोट व मूंगफली का तेल आदि का इस्तेमाल करना चाहिए। इसमें Calories कम होती है। जिसके कारण इसको Heart Patients भी ले सकते है।

असली घी

Total Fat - 1.3 gm

Saturated Fat - 7.9 gm

Poly Saturated Fat - 0.5 gm

Mono Saturated Fat - 3.7 gm

50 ग्राम घी में 433.33 कैलोरी होती है। 12 ग्राम घी से हमारी Diet में 7 प्रतिशत फैट का हिस्सा होता है। जबकि हमको रोजाना 25 प्रतिशत फैट की जरूरत होती है। घी से HDL Level बढता है। जो दिल के लिए बेहतर है। इसमें पाया जाने वाली HDL Fat और अल्सर, कब्ज और हार्ट अटैक की सम्भावनाओं को कम करता है।

Nutrition Facts - 100 gm.

Nutrients	Ghee	Butter
Calories	123	100
Fat	14 gm	12 gm
Saturated Fat	9 gm	7 gm
Monosaturated Fat	4 gm	3 gm

घी में Vit- A, D, K भी पाये जाते है। इसमें विटामिन–ई और काफी मात्रा में Antioxidants भी पाये जाते है। यह दिल की बिमारियों को भी कम करता है। अगर हम घी का सही मात्रा में इस्तेमाल करें तो यह नुकसान देने वाले LDL को कम करता है।

MILK–दूध

यह स्तनधारी जानवरों से हासिल होता है।

Nutrition Facts - 100 gm.

Calories - 42

Nutrients	Quantity	Percentage
Total Fat	1 gm	1%
Saturated Fat	0.6 gm	3%
Cholesterol	5 mg	1%
Potassium	150 mg	4%
Total Carbohydrate	5 gm	1%
Protein	3.4 gm	6%
Calcium	0 mg	12%
Magnesium	0 mg	2%
Sodium	44 mg	1%
Cobalamin	0 mg	8%

यह प्रोटीन और कैल्शियम का एक अच्छा जरिया है। इसमें विटामिन–डी भी जाता है। यह हड्डियों को मजबूत करता है। Fracture होने से बचाता है। वजन को सही रखता है। Diabetes के खतरे को कम करता है। दिल के लिए एक अच्छी गिजा है। यह Cognitive Decline (दिमागी सलाहियत का

कम होना) से बचाता है और कुछ किस्म के कैंसर से महफूज रखता है। यह विटामिनस और मिनरलस को एक अच्छा जरिया है। खासतौर से कैल्शियम का। दूध को एक मुकम्मल प्रोटीन कहा जाता है। इसमें नौ जरूरी Amino Acid होते है। दूध की प्रोटीन High Quality Protein होती है। एक कम (249 ग्राम) दूध में 3.25 प्रतिशत फैट होती है और कैलोरी 152 होती है। जबकि पानी 85 प्रतिशत होता है। प्रोटीन 8. 14 ग्राम कार्बोहाईड्रेट 12 ग्राम व शुगर 12 ग्राम होता है। दूध में दो तरह के प्रोटीन पाये जाते है।

1. Insoluble Milk Protein जिसको Casein कहते है।
2. Saluble Milk Protein जिसको Whoy Protein कहते है।

दोनों तरह की प्राटीन Excelent Quality की होती है।

दिल के लिए फायदेमन्द होता है। यह दिमाग को ताकत देता है। क्योंकि यह प्रोटीन, विटामिन–डी, पोटाशियम और कैल्शियम का अच्छा स्त्रोत है। यह Optimal Brain Health के लिए बेहतर है। दांतो और हड्डियों को मजबूत बनाता है। क्योंकि इसमें कैल्शियम और फासफोरस होता है। मांसपेशियों को

ताकत देता है। वजन को कम करता है। जिस्म को तन्दरूस्त बनाता है। कैंसर के खतरे को कम करता है। तनाव को कम करता है। मगर दिल के मरीजों को अधिक Cholesterol होने की वजह से फैट निकला हुआ दूध इस्तेमाल करना चाहिए।

CURD-दही

दही वजन घटाने में फायदेमन्द होती है। दिल की सेहत के लिए बहुत अच्छी होती है। मुंह के छाले ठीक करती है। निजामें हजम को अच्छा करती है। Immunity को बढाती है। दांतों और हड्डियों के लिए फायदेमन्द है। त्वचा के लिए भी अच्छी है। इसमें बहुत से पोषक तत्व होते है। जो आपको तन्दरूस्त रखने में मदद करता है। इसके इस्तेमाल से पेट की बहुत सी बिमारियों से छुटकारा मिल जाता है। इसमें Calacin अच्छी मात्रा में पाया जाता है। दही में फैट को कन्ट्रोल करने वाले तत्व पाये जाते है। यह वजन को कम करती है। दिल की सेहत के लिए मददगार है क्योंकि इसमें LDL को कम करने की सलाहियत होती है।

Nutrition Facts - 100 gm.
Calories - 98

Nutrients	Quantity	Percentage
Fat	4.3 gm	23%
Total Carbohydrate	-	18.2%
Protein	3.5 gm	58.8%
एक कप दही में–		
Calcium	-	8%
Potassium	104 mg	2%
Fat	4.3 gm	-
Magnesium	-	2%
Carbohydrate	3.4 gm	-
Sodium	364 mg	15%
Protein	11 gm	-
Cholesterol	17 mg	-
Thiacin B12	-	8%
Vit-A	-	2%

दही में कुछ मात्रा HDL की भी होती है। इसमें Phosphorus भी पाया जाता है। दही दिल से सम्बन्धित बिमारियों को भी फायदा करती है। दही में Probiotic तत्व भी पाया जाता है। जो कि आंतों के लिए बेहतर है।

Probiotic- अच्छे और बुरे जीवाणु (Good and Bad Becteria) आंतों की Lining में यह Trillion की संख्या में होते है। Mantal Health के लिए फायदेमन्द है।

EGG

Nutrition Facts - 100 gm.

Calories - 90

Nutrients	Quantity	Percentage
Total Fat	11 gm	16%
Saturated Fat	3.3 gm	16%
Cholesterol	373 mg	124%
Sodium	125 mg	5%
Potassium	126 mg	3%
Total Carbohydrate	1.1 gm	0%
Sugar	0.40 gm	0%
Protein	13 gm	26%
Vit-B6	-	-
Calcium	-	5%
Iron	-	6%
Vit-D	-	21%

Vit-B6	-	5%
Cobalamin	-	18%
Magnesium	-	2%

अण्डे में फॉसफोरस, कैल्शियम और पोटाशियम होता है। इसमें बहुत कम मात्रा में कॉपर, आयरन, जिंक, Magnesium-12, Magnise-0.028, Selenium, Iodine-0.021 होते है।

अण्डे में Complete Protein होती है। अच्छी कोलेस्ट्रोल काफी मात्रा में होती है। यह Triglyceride को कम करता है। यह दिल की दोस्त गिजा है। अण्डे में विटामिन–बी12 की भी काफी मात्रा होती है। अण्डा में High Density Lipoprotein (HDL) जिसको अच्छा कोलेस्ट्रोल भी कहते है, होता है। यह इसमें विटामिन–A, B5, B12, D,E,K,B6 और B9 होते है।

यह Heart Healthy Unsaturated Fat का बडा जरिया है। 70 प्रतिशत लोगों में अण्डे से कोलेस्ट्रोल नहीं बढता। 30 प्रतिशत लोगों में बहुत कम मात्रा में कोलेस्ट्रोल बढता है। लेकिन यह HDL को बढता है। जिसकी वजह से Heart Disease

और Stroke का खतरा नहीं होता। अगर छः सप्ताह तक 2 अण्डे रोज खाये जाये तो 10 प्रतिशत HDL बढ जाता है।

अण्डे खाने से Choline जो के पानी में घुल जाने वाला विटामिन–बी बढ जाता है। इससे दिमाग में Sign able Molecule पैदा होते है। एक ज्यादा पके हुए अण्डे में 147 मिलीग्राम Choline होता है।

अण्डा आखों की रोशनी बढाने में मदद करता है। अण्डे की जरदी में Lutine और Zeaxanthin Antioxidants होते है। जो Catract और Uric Acid को कम करने में सहायक है। Macular D Generation का खतरा कम करता है। इसमें विटामिन–ए पाया जाता है। जो आंखों को तन्दरूस्त रखता है।

अण्डे में Omega-3 Fatty Acid होता है। जो Triglycerides को कम करता है। अगर आपका Triglycerides 150 से नीचे है तो यह बहुत अच्छा होता है। अगर 150–199 तक हो तो आप बॉर्डर लाईन पर है। अगर इससे ऊपर है तो वह High कहलाता है।

अण्डे में पाया जाने वाला प्रोटीन शरीर की बनावट में एक खास स्थान रखता है। इसमें बहुत अच्छी मात्रा में Amino Acid होता है। यह ब्लड प्रेशर को कम करता है।

अण्डे में Selenium पाया जाता है जो Cancer Cells को कम करता है।

इसमें कैल्शियम और फॉसफोरस होता है जो दांतों और हडिडयों को मजबूत करता है।

SALT-नमक

बदलती लाइफस्टाईल में हमारा खाना पीना तो बदला ही है। खाने पीने की आदतें भी बदली है। खाने की टेबल से लेकर फास्ट फूड तक में हम तेज नमक पसन्द करते है। जबकि ज्यादा नमक खाने से ना सिर्फ उम्र कम हो सकती है। बल्कि सेहतमन्द जिंदगी के लिए भी यह एक बडा खतरा है। लम्बी और सेहतमन्द जिंदगी के लिए नमक का इस्तेमाल कम करना जरूरी है।

दिल रहेगा तन्दरूस्त–WHOकी रिपोर्ट के अनुसार ज्यादा मात्रा में नमक लेना दिल के लिए बहुत बडा खतरा है। ज्यादा नमक के इस्तेमाल से दिल से जुडी बीमारियों का खतरा बढ जाता है। इससे न सिर्फ

दिल कमजोर हो सकता है। बल्कि हार्ट अटैक भी हो सकता है। ऐसे में मौत का खतरा भी बढ जाता है। दिल से जुडी बीमारियों से बचने के लिए सबसे कारगर तरीका यह है कि हम अपने खाने में नमक का कम मात्रा में प्रयोग करें।

स्ट्रोक से बचाव– आजकल जंक फूड (Junk Food) और रेडी टू ईट फूड पर हम ज्यादा निर्भर है। जिसमें नमक की मात्रा बहुत ज्यादा होती है। इस तरह का खाना स्ट्रोक जैसे खतरनाक रोगों को बढा सकता है। दुनिया भर में हर साल लाखों लोगों के दिलों के रोगों और स्ट्रोक की वजह से मौत हो जाती है। अगर WHO की गाईडलाईन के अनुसार नमक का प्रयोग रोजाना के खानों में किया जाये तो दुनिया भर में हर साल होने वाली 25 लाख बेवक्त मौतों को कम किया जा सकता है।

सेंधा नमक

हाजमें से जुडी समस्याएं जैसे बदहजमी, कब्ज, सीने की जलन, खट्टी डकार इत्यादि को दूर करता है। यह Metabolism को बढाता है। मसूडों की वरम के लिए फायदेमन्द है। वजन कम करता है। सेंधा नमक में कैल्शियम, आयरन, मैगनिशियम, विटामिन–K जैसे 90 से ज्यादा मिनरलस पाये जाते

है। किडनी के मरीजों के लिए सेंधा नमक फायदेमन्द होता है।

गन्ने का रस

गन्ने का रस फोरन ताकत देता है। लीवर को फायदा करता है। कैंसर से लडने में मदद करता है। Digestive System को ठीक करता है। अगर थोडी मात्रा में गन्ने का रस लें तो Diabetes के मर्ज में भी फायदा कर सकता है। क्योंकि इसका Glycemic Index कम होता है।

1. **तुरन्त ऊर्जा**– इसमें मौजूद प्राकृतिक शुगर को आसानी से सोख लिया जाता है। जिसकी वजह से हमारा शुगर लेवल मुनासिब बना रहता है।
2. **जिगर**– यह पीलीया रोग की एक अच्छी दवा है। यह **Alkaline** होता है। जो शरीर में Electrolite Balance रखने में मदद करता है।
3. **कैंसर से लडने में मदद करता है** – गन्ने के रस में मौजूद मैगनिशियम, कैल्शियम, पोटाशियम, आयरन, मैगनीज, इसको Alkaline बनाते है। इसमें एक प्रकार का कैमिकल Flavnoid होता है। यह कैंसर सैल्स

खास तौर से प्रोस्टेट और छाती के कैंसर से बचने में मदद करता है।

4. **Digestive System-** यह हाजमें को दरूस्त करता है और इसमें पाया जाने वाला पोटेशियम पेट के PH लेवल को संतुलित रखता है। पाचक रसों के निकलने में सहायक होता है।
5. **Diabetes-** यह Diabetes के मर्ज में भी यह फायदा करता है। अगर इसको मुनासिब मिकदार में लिया जाये तो यह Diabetes को फायदा करती है। नेचुरल शुगर का Glycemic Index कम होता है। जो ब्लड शुगर में अचानक आने वाली बढोतरी को रोकता है।

गुर्दो को तन्दरूस्त रखता है। क्योंकि इसमें सोडियम कम मात्रा में होता है। इसमें चर्बी के तत्व भी नहीं होते। जिसकी वजह से किडनी तन्दरूस्त रहता है। अगर इसमें निम्बु मिलाकर लिया जाये तो यह UTI में फायदा करता है। पत्थरी निकालने में और प्रोस्टेट की सूजन कम करने में भी फायदा करता है। सांसो की दुर्गन्धि को दूर करता है। गन्ने के रस में कैल्शियम और फॉसफोरस जैसे तत्व भरपूर मात्रा में पाये जाते है। जो कि दांतो के अनेमल को कायम

रखने में मददगार होते है। दांतों की सडन से बचाते है। सांसों की बदबू को दूर करते है।

इसके अलावा गन्ने का रस कील, मुहासे को भी ठीक करता है। गन्ने का रस का GI सिर्फ 43 होता है। यह Diabetes के लिए Unhelthy Choice है। मगर इसका GL ज्यादा होता है। इसलिए इसका थोडा इस्तेमाल करें। इसमें कैल्शियम, जिंक, पोटाशियम, मैगनिशियम, आयरन, और बहुत से अमिनों एसिड पाये जाते है।

Serving Size - One Glass.

Calories - 111

Nutrients	**Quantity**	**Percentage**
Iron	0.37 mg	3%
Sodium	17.01 mg	1%
Calcium	11.23 mg	1%
Total Carbohydrate	27.51 gm	-
Protein	0.27 gm	-
Potassium	41.96 mg	1%

गन्ने के रस Oxidative Stress को कम करता है। इसमें विटामिन–सी भी पाया जाता है।

BITA GLUCON

Bita Glucon हानिकारक जीवाणुओं से बचाता है। यह Anti-Cancer गुण रखता है। डायबटिज को काबू में रखता है और कॉलेस्ट्रोल के Level को भी कंट्रोल में रखता है। Chronic Kidney Disease के लिए फायदेमन्द है।

Bita Glucon- Immunity को बढाता है और सभी प्रकार के रोगों से लडने की क्षमता बढाता है।

CORTISOL

यह Steroid Hormone होता है, जो कि गुर्दे के ऊपरी हिस्से में Adrenal Gland के रूप में पाया जाता है। जब आप परेशान होते हैं तो यह हार्मोन इस Gland से अधिक मात्रा में निकलता है और दिमाग को सकून देता है। Cortisol अच्छी सेहत के लिए बहुत जरूरी होता है। बहुत ज्यादा पैदा होने और बहुत ज्यादा कम होना स्वास्थ्य के हानिकारक हो सकता है। जब आदमी Stress में होता है तो यह हार्मोन अधिक मात्रा में निकलने लगता है। Corticosteroid synthetic तरीके से भी तैयार

किया जाता है। जो कि Stress के वक्त मरीज को दिया जाता है।

Cortisol Hormone दिमाग में मौजूद Pituitary Glands के द्वारा Regulate होता है। यह Gland हमारे दिमाग के बीच में मटर के दाने जितना Gland होता है। इसको Master Gland भी कहा जाता है। क्योंकि यह पूरे शरीर पर बहुत असर डालता है। जब आप सो कर उठते है या Exercise या किसी परेशानी में होते है तो Pituitary Gland, Regulate हो जाता है। यह अपने Assistant Adrenal Gland को सिगनल भेजता है और संतुलित मात्रा में इस हार्मोन को Release करने का आदेश देता है।

जब Cortisol Hormone अधिक मात्रा में Release हो जाता है तो एक मर्ज Cushing Syndrome हो जाता है। जब यह कम मात्रा में Release होता है तो Addison disease पैदा हो जाता है। इस हार्मोन के निकलने के कारण पेट बढ जाता है और मुह पर भी वरम आ जाती है। त्वचा बहुत कमजोर हो जाती है और जख्म देर से भरता है। मुहासे निकलने लगते है। औरतों के चेहरे पर बाल उगने लगते है और Menses Irregular हो

जाते है। जब Cortisol Hormone की कमी हो जाती है तो थकान होना, मतली, उल्टी का होना, वजन कम होना मांसपेशियां कमजोर हो जाती है, पेट दर्द होता है।

इन सभी लक्षणों के होने पर Cortisol Hormone का टैस्ट कराना चाहिए। लम्बे समय तक Steroid लेने से त्वचा कमजोर हो जाती है। Ostio Process हो जाता है। भूख बढ जाती है। वजन बढ जाता है। खास तौर से चेहरे पर दाने हो जाते है। ब्लड शुगर बढ जाती है। जल्दी मूड खराब हो जाता है। दिमागी टेंशन (Depression) बढ जाती है। Infection का खतरा बढ जाता है। Glaucoma या Cataract हो जाता है। ब्लड प्रेशर बढ जाता है।

SODA BICARB

